## कार्यपत्र–13

**1. सही उत्तर के आगे ठीक (✓) का चिह्न लगाइए।**

(क) 'माता जी चार किलो आम लाई।' – रेखांकित पद में कौन-सा विशेषण है? (i) निश्चित संख्यावाचक ✓

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में गुणवाचक विशेषण का उदाहरण है– (iii) उसका हार बहुत कीमती है। ✓

(ग) 'आसमान में घने काले बादल छाए हैं।' – वाक्य में प्रविशेषण है– (iv) घने ✓

(घ) 'यह लड़का देख नहीं सकता।' – रेखांकित विशेषण का भेद बताइए। (iv) सार्वनामिक ✓

(ङ) 'ताजमहल एक ऐतिहासिक इमारत है।' – वाक्य में विशेषण शब्द पहचानिए। (ii) ऐतिहासिक ✓

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क) संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं। जैसे– भूरा कुत्ता, मोटा लड़का आदि।

विशेषण के चार भेद हैं–

1. गुणवाचक विशेषण 2. संख्यावाचक विशेषण 3. परिमाणवाचक विशेषण

4. सार्वनामिक या संकेतवाचक विशेषण

(ख) ऐसे परिमाणवाचक विशेषण जिनसे संज्ञा और सर्वनाम शब्दों के निश्चित माप-तौल का बोध हो, उसे निश्चित परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं। जैसे– दो लीटर दूध, चार किलो चीनी आदि।

ऐसे परिमाणवाचक विशेषण शब्द जिनसे संज्ञा और सर्वनाम शब्दों के निश्चित माप-तौल का बोध नहीं होता, उसे अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं। जैसे– थोड़ा पानी, कम चीनी आदि।

(ग) ऐसे सर्वनाम शब्द जो संज्ञा के पहले प्रयुक्त होकर उसकी विशेषता बताए, सार्वनामिक विशेषण कहलाते हैं। जैसे– वह लड़का मेरा भाई है।

(घ) विशेषण की तीन तुलनात्मक अवस्थाएँ हैं– 1. मूलावस्था– यह विशेषण का प्रथम अथवा मूल रूप है।

2. उत्तरावस्था– यह विशेषण की द्वितीय अवस्था है।

3. उत्तमावस्था– इसमें दो से अधिक विशेष्यों की तुलना में एक को सर्वाधिक श्रेष्ठ या निकृष्ट बताया जाता है।

**3. निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण शब्द रेखांकित करके उसका भेद लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | आपसे कुछ लोग मिलने आए हैं। | अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण |
| (ख) | यह रास्ता घुमावदार है। | सार्वनामिक विशेषण, गुणवाचक विशेषण |
| (ग) | मुझे पाँच किलो गुड़ दे दो। | निश्चित परिमाणवाचक विशेषण |
| (घ) | यह पुस्तक मेरे भाई की है। | सार्वनामिक विशेषण |
| (ङ) | गाड़ी में थोड़ा पेट्रोल डाल दीजिए। | अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण |

**4. निम्नलिखित शब्दों से विशेषण शब्द बनाइए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | नमक | नमकीन | (ख) | पत्थर | पथरीला |
| (ग) | दिन | दैनिक | (घ) | घूमना | घुमक्कड़ |
| (ङ) | भीतर | भीतरी | (च) | ऊपर | ऊपरी |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (छ) | कीमत | कीमती | (ज) | जहर | जहरीला |
| (झ) | भारत | भारतीय | (ञ) | प्यास | प्यासा |

**5. निम्नलिखित शब्दों की उत्तरावस्था और उत्तमावस्था लिखिए।**

| | | **उत्तरावस्था** | **उत्तमावस्था** |
|---|---|---|---|
| (क) | समीप | समीपतर | समीपतम |
| (ख) | तीव्र | तीव्रतर | तीव्रतम |
| (ग) | उच्च | उच्चतर | उच्चतम |
| (घ) | मधुर | मधुरतर | मधुरतम |